**Poetical Symposium and Speech Competition**
**10-09-2024**

Organized a Poetical Symposium and Speech Competition as part of the Talent Selection Program. The event was held under the guidance of Principal Dr. Rishipal, supervision of Vice-Principal Dr. Ishwar Singh, and leadership of Cultural Activities Committee convener Dr. Anita Nain. A total of 42 participants from the college took part in the competition.









चंडीगढ़ दिनभर

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जोगिंद्र सिंह/निसिंग :** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में प्राचार्य डॉ ऋषिपाल के मार्गदर्शन एवं उपप्राचार्य डॉ ईश्वर सिंह की देखरेख में और सांस्कृतिक-गतिविधि समिति की संयोजिका डॉ अनीता नैन के कुशल निर्देशन में प्रतिभा-चयन-प्रतियोगता के अंतर्गत काव्यपाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें महाविद्यालय से लगभग 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति, मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव, अनुशासन,शिक्षा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, दहेज की कुप्रथा, मदिरापान के दुष्परिणाम, आदि विषयों को अपनी कविता एवं भाषण के माध्यम से सभी के सामने प्रस्तुत किया । सभाकक्ष में उपस्थित सभी प्रतिभागियों और श्रोताओं ने काव्यपाठ एवं भाषण का आनन्द लिया । काव्यपाठ प्रतियोगिता में कर्ण , बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान,रूबी बी0ए0 तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान और प्राची , बी0 कॉम0द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । भाषण प्रतियोगिता में रूबी, बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान,हर्ष बी0ए0 तृतीय वर्ष ने दूसरा स्थान और प्रेरणा बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ0 संदीप, डॉ0 विशम्बर द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उपप्राचार्य डॉ0 ईश्वर सिंह ने बधाई दी । इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा ।